## सार-समाचार

### जालोर महोत्सव के उपखंड समन्वयक बनाए

**जालोर,** (कासं)। जालोर महोत्सव 2025 को लेकर शुक्रवार को कोर कमेटी ने उपखंड स्तर पर समन्वयक नियुक्त किये गये। जालोर विकास समिति के सचिव मोहन पाराशर ने बताया कि जालोर विकास समिति व जालोर महोत्सव की कोर कमेटी के सदस्यों ने उपखंड स्तर पर जालोर महोत्सव के सफल व भव्य आयोजन करवाने को लेकर उपखंड समन्वयक नियुक्त किये गये। कोर कमेटी के सदस्य मोहन पाराशर, नारायण लाल भट्ट, कानाराम प्रजापत,पन्नालाल सोलंकी, नितिन सोलंकी व हितेष प्रजापत ने उपखंड समन्वयक को नियुक्त किया। जिसमें पंकज माली को भीनमाल, मांगीलाल राजपुरोहित को सायला, गजेन्द्रसिंह मांगलिया को आहोर, कृष्ण कुमार माली को रानीवाडा, मदनसिंह धुम्बडीया को बागोडा का समन्वयक नियुक्त किया गया। वही बागरा समन्वयक सत्यप्रकाश राणा को बनाया गया। उपखंड समन्वयक को निर्देशित किया कि वे अपने अपने क्षेत्र मे जालोर महोत्सव को भारतीय सांस्कृतिक से ओतप्रोत एक उत्सव की तरह मनाएं। बैठक मे मोहन पाराशर, नारायण लाल भट्ट, कानाराम परमार, मुकेश खंडेलवाल, पन्नालाल सोलंकी, हितेश प्रजापत, नितिन सोलंकी, जालोर महोत्सव समन्वयक रतन सुथार, महेश भट्ट, रितु टाक सहित उपस्थित थे।

### जे.एन.वी.यू. में पेंशनर्स फिर आंदोलन पर

**जोधपुर,** (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशन सहित विभिन्न मांगों को लेकर एक बार फिर आंदोलन पर उतर आए है। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय पेंशनर्स सोसायटी की तरफ से शुक्रवार को इन मांगों को लेकर केंद्रीय कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया गया। सोसायटी अध्यक्ष प्रो. रामनिवास शर्मा ने बताया कि सोसायटी की ओर से शुक्रवार को विश्वविद्यालय के केंद्रीय कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। दोपहर बाहर बजे से दो घंटे तक धरना दिया गया। उन्होंने बताया कि पेंशनर सोसायटी लंबे समय से सरकार से पेंशन भुगतान का उत्तरदायित्व वहन करने की मांग कर रही है, लेकिन सरकार की ओर से इस मुद्दे पर न तो कोई आश्वासन दिया जा रहा है और न ही कोई कदम उठाया जा रहा है, इसलिए विवश होकर वरिष्ठ नागरिकों को प्रदर्शन का रास्ता चुनना पड़ा है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय की आर्थिक हालत खराब होने की वजह से पेंशनर्स को अक्सर हर महीने पेंशन नहीं मिलने की शिकायत रहती है। विश्वविद्यालय ने कई पेंशनर्स को अभी तक ग्रेच्युटी सहित अन्य वित्तीय परिलाभ भी नहीं दिए हैं।

### सृजनात्मक प्रतियोगिता संपन्न

**जालोर,** (कासं)। पीएम श्री राउमावि जालोर में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की जालोर ब्लॉक स्तरीय सृजनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी प्रियंका शर्मा ने बताया कि सृजनात्मक प्रतियोगिता के तहत निबंध, आशु भाषण, क्विज, चित्रकला और एकल गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय और निजी विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत विधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में भावना, योगेश सोनी, मनीषा आशु भाषण में संजना, मंथन शर्मा, उमर मेहर क्विज में मोहित चौधरी, मेघा खत्री, विवेक राठी चित्रकला में तनिषा गोस्वामी, संजय, दीपिका कुमारी तथा एकल गीत में निकिता कुमारी, दीपिका, खुशबू ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य चैनकरणसिंह करणोत ने बताया कि ब्लॉक स्तर के विजेता और उपविजेता विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जालोर ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में उप प्राचार्य खीमसिंह, किरण सिंह, अंबिका प्रसाद तिवारी, मुकेश चौधरी, शिवदत्त शर्मा, जयप्रकाश पणिया, साँवलाराम, लता मुकेश, शैलजा माथुर, श्वेता आचार्य और रेणु प्रजापत ने निर्णायक का दायित्व निर्वहन किया।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन

**जालोर,** (कासं)। जिले में 1 से 31 जनवरी तक राठनैय सडक सुरक्षा माह 2025 का आयोजन किया गया। उक्त माह के दौरान परवाह थीम के साथ सडक सुरक्षा अभियान चलाकर वाहन चालकों एवं विद्यार्थियों को सडक सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया एवं विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गयी। जिला परिवहन अधिकारी ओम प्रकाश चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह जिला कलक्टर महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माह के दौरान आयोजित की गयी गतिविधियों के बारे में बताया गया। सडक सुरक्षा सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों एवं कार्मिकों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाडा, अतिरिकत पुलिस अधीक्षक मोटाराम, जिला परिवहन अधिकारी भीनमाल ओमसिंह शेखावत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रसद अधिकारी, सार्वजनिक निर्माण विभाग शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं परिवहन व पुलिस विभाग के अधिकारी /कार्मिक उपस्थित रहे।

### धनानी में जसराज राजपुरोहित का स्वागत

**सायला,** निसं)। निकटवर्ती धनानी गांव में शुक्रवार को नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का वरिष्ठ भाजपा नेता दीपसिंह चंपावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष राजपुरोहित का साफा, माला एवं पार्टी का दुप्पटा पहनाकर तथा श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। वही जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने भी चंपावत का आशीर्वाद लिया। इस दौरान जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, मण्डल अध्यक्ष नैनमल लखारा, महामंत्री मूलसिंह चम्पावत, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोकसिंह जेतावत, मण्डल मंत्री रमेश राजपुरोहित, दिलावरसिंह थलवा?, चौपाराम देवासी, लालाराम माली, वि मसिंह दहिया, थानमल थलवाड, पारसाराम राणा, उगमसिंह, उमरावसिंह, नरपतसिंह रेवतडा, जब्बरसिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बच्चों ने प्रौद्योगिकी व राजकीय संस्थान देखे

**जालोर,** (कासं)। पी.एम. योजना के तहत पी.एम.श्री केन्द्रीय विद्यालय जालोर की कक्षा 9 व 11 के कुल 105 विद्यार्थियों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर का भ्रमण करवाया गया। भ्रमण दल की बस को प्राचार्य गोपाल मीना ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर में विद्यार्थियों को संस्थान के महत्वपूर्ण उद्देश्यों, क्रियाकलापों भविष्य में प्रौद्योगिकी के उपयोग आदि की जानकारी दी गई। पी.एम.श्री केन्द्रीय विद्यालय जालोर की कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को स्थानीय क्षेत्र के निर्माणाधीन राजकीय भवनों, कारखानों, पुलिस स्टेशन, डाक कार्यालय व अन्य राजकीय संस्थानों का भ्रमण करवाया गया। भ्रमण से विद्यार्थियों को राजकीय संस्थानों के क्रियाकलापों, कार्यप्रणाली, भौतिक संरचना आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान अनुरक्षक के रूप में शारीरिक शिक्षक कपिल कुमार, कला शिक्षक बाबुलाल मीना, कार्यानुभव शिक्षक हीराराम व प्राथमिक शिक्षिक भारती उपस्थित रही।

### कॉलेज में खेलकूद सप्ताह आयोजित

**जालोर,** (कासं) I वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालोर में खेलकूद सप्ताह का समापन वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालोर में आयोजित सांस्कृतिक एवं खेलकूद सप्ताह का शुक्रवार को समापन हुआ। इस अवसर पर आयोजित कब्बड्डी प्रतियोगिता में राणा पूंजा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इसके अलावा खेल सप्ताह के अंतिम दिन महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया I जिसमें शैक्षणिक स्टाफ की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। इस अवसर पर प्राचार्य अर्जुन सिंह उज्जवल ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते है, बल्कि टीम भावनस अनुशासन और नेतृत्व कौशल को भी विकसित करते हैं। इस आयोजन में विद्यार्थियों और स्टाफ की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही।

### के .वी . बनाड़ में प्रतिभाओं का सम्मान

**जोधपुर,** (कासं) । पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में शुक्रवार को विद्यालय की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने विद्यालय की उत्कृष्ट तैराक कक्षा नवमी की छात्रा प्राची बिश्नोई व कक्षा दसवीं की छात्रा प्रतिभा के साथ लव त्रिवेदी, पायल बिश्नोई, मोहित चौधरी को उनकी उपलब्धियों के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि प्राची बिश्नोई ने 53 वें के. वि. सं.राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में तैराकी में जयपुर संभाग का प्रतिनिधित्व किया व प्रतिभा ने 68वें राष्ट्रीय विद्यालयी खेलों में हैंडबॉल में संगठन की अगुवाई की। छात्र लव, पायल व मोहित ने 52 वीं संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में भागीदारी की। प्राचार्य ने बच्चों की उपलब्धियों व मार्गदर्शक नवीन कुमार व्यास व बद्रीनारायण के प्रयासों की सराहना की।

# अहसान अहमद ने किशोर व सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेंशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने शुक्रवार को राजकीय किशोर एवं सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सचिव ने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिया कि यहां पर रहने वाले विधि से संघर्षरत बालकों, किशोरों एवं शिशुओं को नियमानुसार उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरते। इस दौरान उन्होंने उपस्थित बालकों से वार्तालाप कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली और उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जिनके प्रकरणों में अपील और जमानत नहीं लगाई गई उनके प्रकरणों में शीघ्र जमानत, अपील की कार्यवाही की जावे। इस दौरान उन्होंने रसोई घर का भी निरीक्षण किया और बनाए जाने वाले भोजन की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि बालकों के रहने के कक्षों, रसोई घर आदि की साफ सफाई प्रतिदिन और अधिक बेहतर तरीके से की जावे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौसम बदल रहा है इसलिए बालकों, शिशुओं के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जावे यदि




**जालोर के राजकीय किशोर एवं सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश अहसान अहमद ने किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

कोई बालक बीमार हो तो उसे तुरंत चिकित्सक से जांच करवाकर दवाइयां उपलब्ध करवाई जावे। इस दौरान उन्होंने बालकों से वार्तालाप कर यहां मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान सचिव ने बालकों के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अन्य कानूनों के बारे में भी बताया।

# बिठूजा में माघ शुक्ल की बाबा दूज पर श्रद्धालु उमड़े

**बालोतरा,** (निसं)। बाबा रामदेव की विश्राम स्थली के नाम से विख्यात बिठूजाधाम स्थित प्राचीन रामसापीर के मंदिर पर माघ शुक्ल पक्ष की बाबा दूज के मेले में दूर-दराज क्षेत्रों से आए हुए हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेवजी की प्रतिमा के दर्शन व पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगी।

ट्रस्ट मण्डल अध्यक्ष बाबा के परम भक्त भैरूलाल डागा ने बताया कि मंदिर में बाबा दूज के अवसर पर शुक्रवार को दिनभर श्रद्धालुओं की रेलमपेल लगी रही। प्रातःब्रह्ममुहूर्त में क्षेत्र के बालोतरा शहर सहित जानियाना,माजीवाला, बुडीवाडा, जागसा, असाडा, टापरा, गोपडी, आसोतरा, कीटनोद, जसोल, पचपदरा, पारलू, कनाना, सराणा, सहित आसपास के गांवों व कस्बों से बडी संख्या में पैदल जातरु हाथों में रंग-बिरंगी ध्वज पताका लिए बिठूजाधाम आकर बाबा की आदमकद प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर महाआरती में भाग लिया।बाबा दूज के मौके पर सूर्य की प्रथम किरण के साथ ही रामसापीर की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुजारी द्वारा पंचामृत से अभिषेक किया गया।इसके बाद प्रतिमा को नवीन वस्त्राभूषण पहनाकर सुगंधित फूलों से श्रृंगारित किया। अल सवेरे महाआरती में ट्रस्ट सचिव कुंपाराम पंवार,उपाध्यक्ष मदरूपाराम, राजू डागा,पुजारी गणपत प्रजापत, गौतम कुमार,खेताराम प्रजापत, मदन तातेड, ओमप्रकाश वैष्णव, भैरुलाल प्रजापत,किशन, पारसमल, राणाराम मेघवाल, ओमप्रकाश प्रजापत ने महाआरती की। उन्होंने ने बताया कि माघ सुदी बीज के बाबा रामदेव जी की प्रतिमा को नई पोशाक पहनाई गई। बीज के अवसर पर मंदिर परिसर में दिन भर भजन कीर्तन



**बाबा रामदेव की विश्राम स्थली के नाम से विख्यात बिठूजाधाम स्थित प्राचीन रामसापीर के मंदिर में प्रतिमा सजाई।** फोटो-राष्ट्रदूत

का आयोजन किया गया जिसमें भजन गायक नारायण माजीराणा सहित अनेकों स्थानीय भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।

## किसान निधि के नाम पर ठगा

**जोधपुर**, (कासं) । प्रधानमंत्री किसान योजना के नाम पर किसान को ठगने का मामला जोधपुर ग्रामीण के खेड़ापा थाना क्षेत्र में सामने आया है।

ठगों ने किसान को किसान निधि के नाम पर मोबाइल पर एक एपीके फाइल भेजी। जिस पर क्लिक करते ही किसान का मोबाइल हैक हो गया। उसके खाते से 2 लाख से ज्यादा की राशि निकाल ली गई। हालांकि समय रहते साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाने की वजह से ठगी की राशि होल्ड करवाई गई। ग्रामीण एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि परिवादी महादेव सिंह निवासी चिंदिया को ठगों ने पीएम किसान एपीके फाइल लिंक भेजी। जिस पर क्लिक करने पर उसका मोबाइल ठगों ने हैक कर दिया और उसके बैंक खाते से 2 लाख 4 हजार 100 रुपए की राशि निकाल ली गई। इसका पता चलने पर परिवादी की ओर से 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई गई। जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए साइबर सेल की ओर से 1 लाख 83 हजार 369 रुपए होल्ड करवाए गए। वहीं पुलिस थाना खेड़ापा की ओर से कोर्ट से रिफंड ऑर्डर करवा कर 1 लाख 70000 रुपए की राशि परिवादी के बैंक खाते में वापस रिफंड करवाने में सफलता हासिल की।

## राम कथा सुनाई

**जालोर**, (कासं)। गायत्री शक्तिपीठ मंदिर जालोर में शुक्रवार को राम कथा का आयोजन हुआ।

काशी वृंदावन से आई हुई कथा वाची का कृष्ण प्रिया मीर द्वारा राम कथा का वाचन किया गया। भगवान श्रीराम की जीवनी के बारे में कथा के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। भगवान राम के जीवन चरित्र की बातों को अपने जीवन में ग्रहण करने की बात की गई। इस दौरान आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नबी के दरबार में बिना मांगे मिलता है : नूरानी मियां अशरफी

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के बडी पोल के बाहर गुरुवार रात्रि को अल अक्सा युवा कमेटी जालोर के तत्वावधान में जश्ने गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस हुजूर काईदे अहले सुन्नत, मुर्शिद आजम राजस्थान हजरत अल्लामा मौलाना पीर सय्यद गुलाम हुसैन (शाह जिलानी (सुजा शरीफ) बाडमेर के शहजादे नेमतुल्लाह शाह जिलानी व शहजादाए हुजुर गाजिए मिल्लत हुजुर ताजुल उल्मा, हजरत अल्लामा मौलाना सय्यद मुहम्मद नूरानी मियां अशरफी उल जिलानी (किछोछा शरीफ) की सरपरस्ती में आयोजन हुआ।

जलसे में शहजाद ए हुजूर गाजी-ए-मिल्लत, हुजूर ताजुल उल्मा, हजरत अल्लामा मौलाना सय्यद मुहम्मद नूरानी मियां अशरफी उल जिलानी (किछौछा शरीफ) ने इश्क-ए-गरीब नवाज और अहले सुन्नत के पैगामात को बयान किया, जिससे मौजूद हाजरीन की रूहें तरबतर हो गईं।

हजरत अल्लामा मौलाना सय्यद मुहम्मद नूरानी मियां अशरफी उल जिलानी (किछोछा शरीफ) ने बिना मांगे मिला करता है दरबार नबी में सूल्तान भी बिक जाते है बाजार नबी में साथ ही उन्होंने मुस्लिम समाज को दिनी दुनिया की तालीम के साथ साथ पांच व्यक्त नमाज को पाबंदी से पढने व नब्बी के बताये हुए रास्ते पर चलने की हिदायत भी दी।




**जालोर शहर के बडी पोल के बाहर जश्ने गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस में मौलाना सय्यद मुहम्मद नूरानी मियां अशरफी उल जिलानी ( किछोछा शरीफ ) ने नूरानी तकरीर पेश की।** फोटो-राष्ट्रदूत

इससे पुर्व नकीब-ए-अहले सुन्नत हजरत सय्यद सोहेल बापू कादरी फातमी (राजकोट, गुजरात) की पुरअसर तकरीर और बुलबुले बाग-ए-मदीना कारी फिरदोश रजा कादरी (राजसमंद) की नात-ए-पाक ने महफलि में इश्क-ए-मदीना की शमा जला दी। उक्त नात खां ने अल्लाह बादशाह , मौला बादशाह ... सरकार की जय हो... क्या बताऊ ये क्या मदिना.... क्या दूसरो मदिना है .... सबसे आला हमारा नब्बी .... अपने मौला का प्यारा हमारा नब्बी. दो आलम का आलम का प्यारा नब्बी सहित एक से बढकर एक नाते सूनाई

जश्ने गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस एक शानदार और रूहानी महफलि के रूप में आयोजित हुई, जिसमें हजारों की संख्या में अकीदतमंदों की भीड उमडी।

जलसे की सदारत मौलाना मुफ्ती मारूफ ने की, जबकि मौलाना इल्हाकुल कादरी व गुलाम ने अपने शानदार अंदाज में निजामत फरमाई।

मौलाना वकार आजम की सरपरस्ती और मौलाना समीर साहब की हिमायत में हुआ यह जलसा अपनी रूहानियत और दिलकश माहौल के लिए यादगार बन गया।

अल-अक्सा युवा कमेटी, जालोर की निगरानी में हुए इस मुबारक इजलास ने अकीदतमंदों के दिलों में गरीब नवाज की मोहब्बत को और मजबूत किया। अल्लाह तआला इस जलसे को कुबूल फरमाए और हम सबको गरीब नवाज के सदके में कामयाबी अता करने की दुआ भी मांगी गई।

# श्रीयादे माता का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**बालोतरा**, (निसं)। समदडी के अजीत रोड स्थित प्रजापत समाज की आराध्य देवी श्रीयादे माता मंदिर पर श्रीयादे माता जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम प्रजापत समाज 24 खेड़ा सिवांची पट्टी के तत्वावधान ने गोविंदरामजी की बगेची गादीपति नरसिंगदास महाराज के सानिध्य में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया।

मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष बगदाराम प्रजापत ने बताया कि शु वार को भक्त शिरोमणी श्रीयादे माता जयंती के अवसर पर अल सवेरे पुजारी द्वारा निज मंदिर में स्थापित देव प्रतिमाओं को स्नानादि करवाकर नव वस्त्रों से सुज्जित किया गया।मंदिर परिसर में बने हवन कुंड में बोलीदाता परिवार जनों द्वारा आहुतियां दी गई। मंदिर शिखर पर अमर ध्वजा के लाभार्थी परिवार द्वारा ध्वजा च?ाई गई। श्रीयादे माताजी की महाआरती कर समाज मे खुशहाली की कामना की।उसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे डीजे पर थिरकते हुए युवा व महिलाएं चल रही थी।शोभायात्रा में भक्त शिरोमणी श्रीयादे माताजी झांकी, राम दरबार की झांकी, शिव दरबार,कालका माता व काला गौरा भैरूजी,कृष्ण दरबार की झांकी शोभायात्रा की शोभा ब?ा रही थी।

शोभायात्रा श्रीयादे मंदिर से रवाना होकर पिपली चौक, गौर का चौक, मेन बाजार,दोवल माता मंदिर होते हुए गोविंदरामजी की बगेची पहुची।जहाँ पर दर्शन कर पुनः मंदिर आकर विसर्जित हुई।उसके बाद मंदिर महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

इस दौरान पूर्व विधायक मदन प्रजापत, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी घेवरचंद प्रजापत, ओमप्रकाश प्रजापत, पंचायत समिति सदस्य चम्पालाल प्रजापत माजीवाला,सरपंच वगताराम प्रजापत, पूर्व पार्षद नरसिंग प्रजापत, मुकेश बागरेचा बालोतरा, पोपाराम कांकराला, किशनाराम गोपडी, हडमानाराम रोपिया किटनोद, एडवोकेट घेवरचंद रामीणा, पूर्व सरपंच बाबुलाल बिठूजा,लालाराम प्रजापत म्हारो की ढाणी, ओमप्रकाश प्रजापत सिवाना सहित हजारों की सख्या में समाज बन्धु उपस्थित थे।

## भजन संध्या का आयोजन किया

प्रजापत समाज की आराध्य देवी श्रीयादे माता मंदिर पर श्रीयादे माता जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार रात्रि में मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या एक शाम श्रीयादे माता के नाम का आयोजन किया गया।

भजन संध्या के दौरान विभिन्न चढावे की बोलियों बोली गई। आयोजित भजन संध्या का आगाज भजन गायक श्रवण दास ने गणपति वंदना से में थाने सिवरू गणपत देवा....से किया।

उन्होंने ने गुरु महिमा सहित श्रीयादे माताजी के भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सरोबार किया। भजन संध्या के दौरान अनेको भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर भजन संध्या का वातावरण भक्तिमय बना दिया। भजन संध्या के दौरान विभिन्न वार्षिक चढ़ावे की बोलियों बोली गई, जिसमें समाज के लोगों ने भाग लिया।

# जोधपुर में प्रजापति समाज ने शोभायात्रा निकाली

**जोधपुर**, (कासं) । प्रजापति समाज ने अपनी आराध्य देवी भक्त शिरोमणि श्रीयादे माता जयन्ती महोत्सव के तहत आज शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। शहर में अनेक स्थानों से रवाना होने वाली झांकियां रातानाडा पर पहुंच कर मुख्य शोभायात्रा में शामिल हुई।

महोत्सव समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे श्रीयादे माता मन्दिर रातानाडा से अतिथिगण व समाज के प्रबुद्धजनों ने शोभायात्रा को केसरिया झंडी दिखाकर रवाना किया । शोभायात्रा रातानाडा से प्रारम्भ होकर नई सड़क, घण्टाघर, कन्दोई बाजार, कटला बाजार, सिटी पुलिस, सर्राफा बाजार, आडा बाजार, कुम्हारियां कुआं, जालोरी गेट, गोलबिल्डिंग, सरदारपुरा बी रोड़ होते हुए गांधी मैदान पहुंचकर विर्सजित हुई।

इस भव्य शोभायात्रा में 51 सामाजिक, धार्मिक, देशभक्ति से ओत प्रोत जिसमें फाइटर विमान, भारतीय कमाण्डो तोप सहित एवं शैक्षिणक, धार्मिक व आकर्षक झांकियों थी। इसके साथ ही भजन मण्डलियां, मिकी माउस, छोटा भीम,पंजाब का अनोखा भांगड़ा डांस, जोधपुर की प्रसिद्ध बैण्डों द्वारा मधुर स्वर लहरिया सोजतसिटी की सुप्रसिद्ध कच्छी घोड़ी नृत्य आकर्षण का केन्द्र बनी रही।

शोभायात्रा में प्रजापति समाज के हजारों स्त्री पुरुष श्रीयादे माता के जैकारे लगाते चल रहे थे।

शोभायात्रा में झांकियों, ऊंट, घोड़े, रथ के अलावा व्यायामशाला के कार्यकर्ताओं द्वारा हैरतअंगेज व्यायाम प्रदर्शन किये जा रहे थे। साथ ही इस भव्य शोभायात्रा में नौपत शहनाई व विभिन्न बैण्डों द्वारा मधुर ध्वनि से स्वर लहरियां बिखेर रहे थे। शोभायात्रा को लेकर कुम्हार समाज के स्त्री पुरुष व बच्चों में जबरदस्त देखा गया। पुलिस ने शोभायात्रा को देखते हुए यातायात की विशेष व्यवस्था बनाए रखी।

इससे पूर्व कल रात को भजन संध्या की धूम बनी रही। महोत्सव के अंतर्गत ही सांगरिया स्थित गणेश नगर, श्रीयादे माता मंदिर विष्णु कॉलोनी चांदना भाखर सहित कई क्षेत्रों में भी भजन संध्या का आयोजन किया। भजन संध्या में लोगों में भारी भीड़ उमड़ी।

# धोखाधड़ी के मामले में एक वृद्ध महिला को पुलिस ने जयपुर में पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं) । भगत की कोठी स्थित एक ज्वैलरी की दुकान ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। ज्वैलरी की दुकान पर आई तीन महिलाओं ने ज्वैलर को चांदी के बदले में 20 किलो सीसा थमा दिया। ज्वैलर से छह लाख रूपए ऐंठ कर फरार हो गई। बाद में जब चैक किया तो वह चांदी नहीं होकर सीसा निकला। ज्वैलर ने भगत की कोठी थाने में रिपोर्ट दी। मामला 25 जनवरी का है। पुलिस ने प्रकरण में एक वृद्ध महिला को जयपुर से गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी राजीव भादू ने बताया कि रामेश्वर नगर स्थित विजय नगर गली नंबर 4 निवासी विनोद कुमार सोनी पुत्र चंपालाल सोनी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी एक दुकान देवनारायण मंदिर भगत की कोठी क्षेत्र में राधा कृष्ण ज्वैलर्स नाम से आई हुई है। जहां पर 25 जनवरी को दिन में दो तीन महिलाएं चांदी बेचने के इरादे से आई थी। वह चांदी को प्लास्टिक कट्टे में भरकर लाई थी। सौदा छह लाख रूपए में तय होने पर ज्वैलर विनोद सोनी उन्हें छह लाख रूपए दिए। महिलाओं के जाने के बाद माल को चैक किया तो वह चांदी नहीं होकर सीसा निकला। थानाधिकारी भादू ने बताया कि प्रकरण में अब एक आरोपी महिला जयपुर के भोमियाजी बस्ती लंकापुरी की 70 साल की बाबूदेवी पत्नी मोहनदास को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला से पता लगा कि छह लाख रूपए साथ वाली महिला लेकर गई है।

# भारत माता का पूजन किया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भारत माता पूजन कार्यक्रम अंतिम दिन शुक्रवार को अमरसागर सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय और नर्सिंग हॉस्टल में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

अमर सागर में सरपंच प्रतिनिधि भगवानसिंह परिहार, जैसलमेर तहसील मंत्री महेंद्रसिंह भोपा और प्रधानाचार्य जुगतसिंह उपस्थित रहे। नर्सिंग छात्रावास में बीसीएमओ नारायण मेघवाल और तहसील अध्यक्ष टीकूराम गर्ग उपस्थित रहे।

भारत माता पूजन कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पारेवर, कबीर बस्ती, नगा, तेजपाला, बड्डा, रामगढ़, भोजराज की ढाणी व बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ में कार्यक्रम सम्पन्न करवाए।

कार्यक्रम में संगठन मंत्री वासुदेव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन काल में भारत की सीमाएं विस्तृत थी। उन्होंने बताया कि कुछ काल खंड में लंबे संघर्ष से समाज में आई विकृतियों के कारण विदेशियों ने इसका लाभ उठाकर इस राष्ट्र को तोड़ने का प्रयास किया। भारतीय विचारदर्शन का दुनिया अनुसरण करती थी भारत के ज्ञान-विज्ञान और पराक्रम की कथाएं दुनिया पढ़ती थी। हमारे पूर्वजों ने इस धरती को माता कहा है। हमारे मनीषियों ने भारत को केवल जमीन का टुकड़ा नहीं माना वात्सल्यमयी माता कह कर पूजा की। लेकिन कुछ काल के अंतराल में समाज आई विकृतियों के कारण भारतमाता खंडित हुई।

इस अवसर पर जिला सह मंत्री टीकम जीनगर, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गर्ग, रामगढ़ तहसील अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष छगनसिंह, तहसील मंत्री तुलछसिंह उपस्थित रहे।